# मुक्तिधाम की जमीन नहीं है तो करें व्यवस्था

**प्रभारी मंत्री पटेल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित**




**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 15 नवम्बर।** जिले के प्रभारी मंत्री तथा मप्र शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास, श्रम मंत्री प्रहलाद पटेल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समीक्षा बैठक जनपद पंचायत सभागार गोहद में आयोजित की गई। इस दौरान विधायक गोहद केशव देसाई, जिला पंचायत अध्यक्ष कामना सिंह भदौरिया, भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह नरवरिया, कलेक्टर किरोड़ी लाल मीना, पुलिस अधीक्षक डॉ. असित यादव, सीईओ जिला पंचायत सुनील दुबे, एडीएम एलके पाण्डेय सहित अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

प्रभारी मंत्री प्रहलाद पटेल ने बैठक में जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा कर खेत तालाब अपूर्ण कार्य, अपूर्ण चौक डैम की जानकारी ली। उन्होंने सीईओ जिला पंचायत से मुक्तिधाम के प्रकरण में जानकारी ली और निर्देशित कर कहा कि जिन पंचायतों में मुक्तिधाम की जमीन पर अतिक्रमण है उसे मुक्त कराया जाना सुनिश्चित करें तथा जिन पंचायतों में मुक्तिधाम की जमीन नहीं है उसकी वैकल्पिक व्यवस्था कर जमीन चिन्हित करें। उन्होंने पंचायतों के संविलियन (अंतरणध्विसर्जन) की प्रक्रिया, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के संबंध में जानकारी ली एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

प्रभारी मंत्री पटेल ने पेयजल की समीक्षा कर कहा कि पिछले वर्ष जिले में किन जगहों पर पेयजल की समस्या थी और वर्तमान में पेयजल समस्या की क्या स्थिति है। उन्होंने पेयजल संकट के निदान हेतु किए गए प्रयास एवं कार्ययोजना के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने ईई पीएचई को निर्देशित कर कहा कि गोहद में वाटर बॉडी के बारे गंभीरता से सोचना चाहिए, ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए जिससे की किसी भी नागरिक को पेयजल की समस्या नहीं रहे और ईधर-उधर भटकना नहीं पड़े। उन्होंने निर्देश दिए कि सूखेऔर दूषित हैण्डपंपों को चिन्हित करें और उन्हें हटवाकर रिचार्ज पिट में उपयोग करें। नल जल योजना की समीक्षा कर पूर्ण कार्य, अपूर्ण और हैण्डओवर कितनी हुई के संबंध में जानकारी ली एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री सड़क योजना के पांचवे चरण अंतर्गत जिले में वर्तमान में प्रगतिरत सड़कों के संबंध में जानकारी ली एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व विभाग की समीक्षा कर नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन की प्रगति के संबंध में जानकारी ली।

# लोकनायक बिरसा मुंडा सच्चे समाजसेवी थे : सिंह



**नवभारत न्यूज**
**गोहद, 15 नवम्बर।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा गठित नवांकुर संस्था छैकुर हनुमंत शिक्षा प्रसार समिति के द्वारा आज बिरसा मुंडा की 151 सी जयंती गोहद नगर में मनाई गई, इस अवसर पर जिला समन्वयक शिव प्रताप सिंह ने कहा कि बिरसा मुंडा एक भारतीय आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी और लोकनायक थे जिन्हें आदिवासी समाज द्वारा धरती आवा के रूप में पूजा जाता है उन्होंने उसे 19वीं सदी के अंत में ब्रिटिश शासन के खिलाफ मुंडा विद्रोह का नेतृत्व किया जिसका उद्देश्य यूरोपीय लोगों को खदेड़कर एक स्वतंत्र मुंडा राज्य की स्थापना करना था उन्होंने धार्मिक और सामाजिक सुधारो को भी बढ़ावा दिया और शराब जादू टोना जैसी सामाजिक बुराइयों को छोड़ने के लिए प्रेरित किया ।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में स्वतंत्रता के 75 वर्षों का जश्न मनाते हुए वर्ष 2021 में आजादी का अमृत महोत्सव के दौरान 15 नवंबर को जनजाति गौरव दिवस के रूप में घोषित किया गया था आज हम सभी इसी गौरव दिवस को मनाने के लिए उपस्थित हुए हैं। आदिवासियों को जल जमीन जंगल और स्वाभिमान के लिए लड़ने वाले महान योद्धा भगवान बिरसा मुंडा को में नमन करता हूं आज हम इस महान व्यक्तित्व के अप्रीतम योगदान को याद करते हैं आदिवासी संस्कृति सम्मान और स्वतंत्रता के लिए अथक संघर्ष करने वाले भगवान बिरसा मुंडा न केवल आदिवासी समुदाय के गौरव के प्रतीक बने बल्कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के एक महान नेता भी थे। इस अवसर पर विकासखंड समन्वयक बृजेंद्र शर्मा परामर्शदाता ज्योति चौहान समिति के पदाधिकारी कमलेश गौड़ ।

## बच्चों को मिल रहा मैन्यू अनुसार गुणवत्तापूर्ण भोजन

**श्योपुर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट वर्मा द्वारा जिला एवं विकासखण्ड स्तर के लगभग सवा सौ अधिकारियों को स्कूलों में मध्यान्ह भोजन निरीक्षण की जिम्मेदारी दी गई है। इसके चलते प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में बच्चों को मैन्यू अनुसार गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध हो रहा है। अधिकारी प्रतिदिन न केवल उन्हें आवंटित पंचायतों के विद्यालयों एवं आंगनबाडियों में मध्यान्ह भोजन तथा पोषण आहार का निरीक्षण कर रहे, बल्कि बच्चों एवं शिक्षकों के साथ बैठकर भोजन भी कर रहे है। इसी क्रम में निर्देश दिये गये है कि निरीक्षण के दौरान जहां भी कमी पाई जाये तत्काल भोजन उपलब्ध कराने के लिए अनुबंधित समूह को हटाने की कार्यवाही की जायें। इसके चलते स्कूलों में मध्यान्ह भोजन तथा आंगनबाडियों में पोषण आहार व्यवस्था में आमूलचूल परिवर्तन देखने को मिल रहा है।

# रोड के दोनों तरफ खड़े रहते हैं ट्रक,हादसे की आशंका



**नवभारत न्यूज**
**मालनपुर,15नवम्बर।** औद्योगिक क्षेत्र मालनपुर में संचालित सन ब्रिज (राइस मील) में आने वाले लोड ट्रकों की आवाजाही राहगीरों के लिए मुसीबत बन रही है , कंपनी के आगे रोड के दोनों तरफ ट्रकों के खड़े रहने से न केवल भारी यातायात जाम होता है, बल्कि यह गंभीर सड़क दुर्घटनाओं का एक प्रमुख कारण भी है। यह एक आम समस्या है। ट्रकों के दोनों ओर खड़े होने से सड़क संकरी हो जाती है, जिससे अन्य वाहनों, विशेषकर बड़े और दोपहिया वाहनों को गुजरने में भारी परेशानी होती है। किनारे खड़े वाहन दृश्यता को बाधित कर रहे हैं और अचानक होने वाली दुर्घटनाओं की संभावना को बढ़ा रहे हैं, जिससे जान-माल का नुकसान रहता है। कानूनी सलाहकारों के अनुसार सार्वजनिक सड़कों पर इस तरह से वाहन पार्क करना मोटर वाहन अधिनिय के तहत एक अपराध है, जिसके लिए जुर्माना और वाहन को जब्त करने का प्रावधान है।बाबजूद भी फैक्ट्री प्रबंधन द्वारा नियम विरुद्ध तरीके से धान से लोड ट्रकों को आम रास्तों पर खड़ा करवाया जा रहा है।

# रेलवे अंडरब्रिज में भरे पानी में डूबने से युवक की मौत

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 15 नवम्बर।** गोहद चौराहा थाना क्षेत्रांतर्गत सोंधा डोंडरी गांव के पास बने रेलवे अंडरब्रिज के पानी में डूबने से युवक की मौत हो गई। शुक्रवार को 12 बजे भूपेन्द्र शर्मा पुत्र भारत शर्मा 35 निवासी सौंधा अपनी मवेशियों को चला रहा था। उसी समय एक भैंस रेलवे अंडरब्रिज में भरे पानी में चली गई। भैंस को वापस निकालने के लिए वह पानी में घुसने लगा, इस दौरान पानी में पैर फिसलने से भूपेन्द्र डूब गया और उसकी मौत हो गई। घटना के समय पिता भारत शर्मा भी पास में ही काम कर रहे थे। जब पिता ने रेलवे अंडरब्रिज के अंदर अपने पुत्र को डूबते देखा तो वह भी पानी में घुसने लगे और वह डूबने लगे। उनके जोर से आवाज लगाने पर पास के खेतों में काम कर रहे बुजुर्ग रामअवतार शर्मा भी दौड़कर आए और उन्होंने तुरंत अपना अंगवस्त्र (गमछा) पानी में डाल दिया तथा अन्य लोगों को भी सहयोग के लिए बुलाया। गमछे को पकड़कर भारत शर्मा को बचा लिया गया। बताया जा रहा है कि अंडरब्रिज के भीतर पिछले 15 दिनों से पानी भरा हुआ है, जिसके कारण आवागमन भी प्रभावित हो रहा था और क्षेत्र के लोग लगातार खतरे के बीच आने-जाने को मजबूर थे। लंबे समय से पानी भरा होने के बावजूद संबंधित विभाग द्वारा जल निकासी की कोई उचित व्यवस्था नहीं की गई। इसी लापरवाही के चलते यह हादसा हुआ है। घटना की जानकारी मिलते ही गोहद चौराहा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से लगभग 2 घंटे की मशक्कत के बाद युवक के शव को बाहर निकालकर पंचनामा तैयार किया। ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल अंडरब्रिज से पानी निकलवाने और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसे हादसे न हों। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। बरसात के दिनों में खेतों का भर जाता है पानी-स्थानीय नागरिकों ने बताया कि बरसात के दिनों में खेतों में भरा हुआ पानी रिसरिस कर अंडर ब्रिज में भर जाता है वाटर लेवल अधिक ऊपर होने के कारण निरंतर पानी भरता रहता है इसलिए बरसात के दिनों में जुलाई से दिसंबर तक लगभग 6 महीने अधिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

# तेज रफ्तार पिकअप की टक्कर से बाइक सवार की मौत



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 15 नवम्बर।** मालनपुर थाना क्षेत्रंतर्गत हरिराम की कुईया गुर्जर मार्केट के सामने शुक्रवार की रात करीब 9:30 बजे तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने मोटर साइकिल टक्कर मार दी। जिससे बाइक पर सवार दोनों लोग घायल हो गए। जिनको डायल 112 की मदद से उपचार के लिए गोहद स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया। जहां चिकित्सक एक व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया। रामू गौड़ पुत्र थानसिंह गौड़ उम्र 21 वर्ष निवासी खुमानपुरा ने पुलिस को सूचना दी कि शुक्रवार की रात करीब 9 बजे हरिराम कुइया स्थित दुकान पर था तभी बाइक सिटी 100 से मेरे पिता थानसिंह और उनके साथ पीछे बैठे भूमि दास कुशवाहा चौराहे पर की तरफ आ रहे थे, तभी ग्वालियर की ओर से तेज रफ्तार में चली आ रही सफेद रंग की पिकअप ने सामने से उन्हें जोरदार टक्कर मार दी, जिससे थान सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए, तभी डायल 112 से उन्हें उपचार के लिए गोहद स्वास्थ्य केन्द्र भेजा गया। जहां उपचार के दौरान डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक थान सिंह गौड़ का पोस्ट मार्टम करवा कर पुलिस ने मामला दर्ज किया और शव को अंतिम संस्कार के लिए परिवारजनों को सुपुर्द कर दिया।

# कोठी के बाहर सो रहे वृद्ध की धारदार हथियार से हत्या




**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 15 नवम्बर।** आलमपुर क्षेत्र के गांगेपुरा गांव के हार में कोठी के बाहर सो रहे वृद्ध की अज्ञात कारणों के चलते धारदार हथियार से निर्ममता पूर्वक हत्या कर दी गई। मृतक के चेहरे और गले पर छोटे-बड़े मिलाकर कुल सात घाव मिले हैं। अनुसार गांगेपुरा गांव निवासी शिवनारायण कौरव उर्फ काकाजी उम्र 75 वर्ष पुत्र नाथूराम कौरव और गांव के ही राघवेन्द्र कौरव के खेत पास-पास ही स्थित हैं। सड़क किनारे होने से सुविधा की दृष्टि से शिवनारायण कौरव ने भी अपनी धान राघवेन्द्र की कोठी के पास खेत पर ही डाल रखी थी। जिसकी रखवाली के लिए वह रोज रात को वहीं सोने जाया करते थे। विगत शुक्रवार-शनिवार की दरम्यानी रात भी प्रतिदिन की तरह वह खाना खाकर हार में बनी कोठी पर सोने चले गए और देर सुबह तक वापिस नहीं लौटे। जब लगभग सात बजे कोठी मालिक राघवेन्द्र कौरव वहां पहुंचे तो शिवनारायण कौरव को मृत पाया। जिसकी सूचना तत्काल मृतक के परिजनों के दी गयी। इसके बाद घटना की जानकारी मिलते ही लहार एसडीओपी प्रवीण त्रिपाठी एवं आलमपुर थाना प्रभारी रवि उपाध्याय मौके पर पहुंचे और पंचनामा तैयार कर जांच पड़ताल शुरू की। घटना की रात रामपाल भी रिश्तेदारी में गया हुआ था।

**फोरेंसिक टीम और डॉग स्क्वॉड ने की पड़ताल:**घटना की गंभीरता को देखते हुए और परिजनों की मांग पर लहार आलमपुर थाना प्रभारी ने डॉग स्क्वॉड और फोरेंसिक टीम को सूचना दी। जिसके बाद दोपहर लगभग एक बजे डॉग स्क्वॉड और एफएसएल अधिकारी सतीष मान मौके पर पहुंचे और शव एवं घटनास्थल का बारीकी से परीक्षण कर शव को पोस्टमार्टम के लिए लहार भिजवाया गया।

**शव के पास मिला संदिग्ध नोट:**आलमपुर पुलिस को पड़ताल के दौरान शव के पास ही नीचे धान में एक कागज रखा मिला है, जिसमें कुछ लोगों के नाम लिखे गये पाये गये हैं। उक्त कागज को पुलिस ने संदिग्ध मानते हुए जब्त कर लिया है।

**इनका कहना है:**
मामले की जांच की जा रही है, जल्द ही घटनाकाण्ड का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

रवि उपाध्याय,
थाना प्रभारी
आलमपुर



# प्रभारी मंत्री पटेल पहुंचे दंदरौआ धाम, अवधेशानंद एवं रामदास महाराज को परिक्रमा पुस्तक भेंट की

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 15 नवम्बर।** प्रदेश के ग्रामीण पंचायत एवं विकास तथा जिले के प्रभारी मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल शनिवार को दंदरौआ धाम पहुंचे, जहां उन्होंने डॉक्टर हनुमान की पूजा अर्चना कर श्रीमद् भागवत कथा सियापिया मिलन समारोह में शामिल होकर अंतर्राष्ट्रीय संत स्वामी अवधेशानंद महाराज एवं महामण्डलेश्वर रामदास महाराज ददरौआ सरकार से आशीर्वाद ग्रहण कर अपनी परिक्रमा मार्ग की पुस्तक भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि दंदरौआ धाम पूरे भारत में अपनी आध्यात्मिक शक्ति एवं सभी बीमारियों के कासन को महाराज सरकार दूर करते हैं जिसकी अपार महिमा है। उनके साथ पूर्व निगम अध्यक्ष कोकसिंह नरवरिया, भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह नरवरिया, लोधी महासभा के जिला अध्यक्ष एवं सरपंच सुघर सिंह नरवरिया, पार्टी के प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित थे।

# स्वयंप्रभा विद्यालय में बच्चों ने लगाया बाल मेला



**भिण्ड।** पूर्व प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू की जयंती पर दबोह के अशासकीय स्वयंप्रभा विद्यालय में संस्था द्वारा बाल मेला का आयोजन किया गया। जिसमें बीईओ प्रेमसिंह बघेल बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हुए। सबसे पहले मां सरस्वती की पूजा अर्चना की इसके पश्चात पूर्व प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू को श्रद्धांजलि देकर मेले का शुभारंभ किया गया। मेले में छात्र-छात्राओं ने खाने पीने से लेकर मनोरंजन तक कि दुकानें लगाई गई थी। विद्यालय में सबसे आकर्षण का केन्द्र प्रेमानंद महाराज की झांकी तथा सिंदूर ऑपरेशन को लीड करने वाली विंग कमाण्डर व्योमिका सिंह और कर्नल सोफिया कुरैशी की जोड़ी के साथ राफेल की प्रदर्शनी रही, जो भी व्यक्ति मेला देखने आया तो हर किसी ने इन दोनों प्रदर्शनियों के आगे अपना सर झुकाया। मेले में चाट, भजिया, चावमीन, पानी की टिकी, पान, वहीं मनोरंजन के लिए रिंग फेंककर समान ले जाना आदि दुकानें सजाई गई थीं। विद्यालय मेले में लगी दुकानों पर जाकर अभिभावकों ने खरीदारी कर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। इससे छात्रों में आत्मविश्वास के साथ भागीदारी की भावना प्रबल हुई। विद्यालय परिसर में चारो तरफ मेले की धूम थी, पूरे परिसर में लोगो का हुजूम नजर आ रहा था। इस मौके पर संस्था के प्राचार्य शैलेश कुरचानिया, अनूप गुप्ता, ऋषभ पटेल, अल्बर्ट पीटर, स्वामीदीन शर्मा, रागिनी कुशवाह, शिखा गुप्ता, अलशिफा खान, समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## नियुक्ति पत्र सौंपा, दो लाख की सहायता का स्वीकृति आदेश भी प्रदान किया

**श्योपुर।** क्षेत्रीय सांसद शिवमंगल सिंह तोमर द्वारा आज स्व. कैलाश मीणा निवासी सिरसौद की पुत्रवधु श्रीमती कपिना मीणा पत्नि वनबारी मीणा को उप स्वास्थ्य केन्द्र अलापुरा में मल्टी स्किल वर्कर पद के लिए नियुक्ति पत्र सौपा गया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री स्वैच्छानुदान अंतर्गत स्वीकृत दो लाख रूपये की राशि का आदेश भी पुत्र बनवारी मीणा को प्रदान किया गया।

## गौ हत्या, तस्करी को लेकर करणी सेना का कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन

**भिण्ड।** गौ संरक्षण को लेकर शनिवार को राजपूत करणी सेना ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में कार्यकर्ता रैली के रूप में कलेक्टर कार्यालय पहुंचे और तहसीलदार रंजीत सिकरवार को ज्ञापन सौंपा।

करणी सेना के प्रदेशाध्यक्ष संतोष भदौरिया ने कहा कि जिले में गौ माता के साथ अमानवीय घटनाएं, गौ हत्या और तस्करी के मामले लगातार बढ़ रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार विभाग प्रभावी कार्रवाई नहीं कर रहे। ज्ञापन में बताया गया कि हाल ही में गौ माता के साथ घोर अपराध हुआ, जिससे समाज आहत है। इसके अलावा कई जगह गौ तस्करी और गौ हत्या का सिलसिला जारी है। संगठन ने आरोप लगाया कि गौचर भूमि पर प्रभावशाली लोगों ने अवैध कब्जा कर लिया है, जिससे गायों के चरने की जगह खत्म हो रही है।

# विधायक ने किया राष्ट्रीय नवजात शिशु सप्ताह कार्यक्रम का शुभारंभ




**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड,15नवम्बर।** जिला अस्पताल भिण्ड के एसएनसीयू में विधायक नरेन्द्र सिंह कुशवाह ने राष्ट्रीय नवजात शिशु सप्ताह का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि इस सप्ताह का उद्देश्य नवजात शिशुओं की देखभाल के महत्व को बढ़ावा देना है और जनसामान्य में जागरूकता फैलाना है, ताकि प्रत्येक शिशु का जीवन सुरक्षित और स्वस्थ रहें। इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जेएस यादव सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक, डॉ. आरके मिश्रा, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. गौरव मटनागर एसएनसीयू प्रभारी डॉ. सुनील करोसिया, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. केके गुप्ता व अन्य उपस्थित हुए।

सीएमएचओ डॉ. जेएस यादव ने बताया कि राष्ट्रीय नवजात शिशु सप्ताह 15 से 21 नवंबर तक आयोजित किया जाएगा। इस वर्ष 2025 की थीम नवजात सुरक्षा हर स्पर्श, हर बार हर शिशु के लिए नवजात देखभाल के प्रत्येक चरण में सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर बल देती है। इस वर्ष की थीम का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि स्वास्थ्यकर्मी, माता-पिता और स्वास्थ्य संस्था, सभी स्तरों पर हर प्रक्रिया और हर स्पर्श में सुरक्षा बनाए रखें।

जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. गौरव भटनागर ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत नवजात सुरक्षा को सुदृढ़ करने हेतु गतिविधियों की श्रृंखला निर्धारित की गई है। जिनमें संक्रमण नियंत्रण, दवाओं के सुरक्षित उपयोग, निदान की गुणवत्ता सुधार तथा परिवार की सहभागिता को बढ़ावा देना शामिल है। ये प्रयास संस्था एवं समुदाय दोनों स्तरों पर नवजात देखभाल को अधिक सुरक्षित बनाने हेतु किए जाएंगें।

# प्राइम अल्ट्रासाउंड सेंटर में धोखाधड़ी पर नवीन पाण्डेय का आरोप

**स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्नचिह्न**

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 15 नवम्बर।** वरिष्ठ अधिवक्ता नवीन पाण्डेय ने एक पत्र के माध्यम से भिण्ड शहर के प्राइम अल्ट्रासाउंड सेंटर (हाउसिंग कॉलोनी) में चल रही गंभीर अनियमितताओं और व्यापक धोखाधड़ी का पर्दाफाश करते हुए पीसीपीएनडीटी अधिनियम के तहत तत्काल आपराधिक प्रकरण दर्ज करने की मांग की है। यह खुलासा स्थानीय स्वास्थ्य प्रशासन की निष्क्रियता और कथित मिलीभगत पर सीधे सवाल उठाता है। **मुख्य आरोप:** दस्तावेजी धोखाधड़ी एवं अवैध संचालन एडवोकेट पाण्डेय के अनुसार, प्राइम अल्ट्रासाउंड सेंटर फर्जीवाड़े के आधार पर संचालित हो रहा है, जो निम्न बिन्दुओं से स्पष्ट होता है कि फर्जी रजिस्ट्रेशन का गोरखधंधा: सेंटर का संचालन डॉ. डीव्ही पाटिल (महाराष्ट्र) के नाम पर दर्शाया गया है, जिनका मेडिकल लाइसेंस मध्य प्रदेश में रजिस्टर्ड नहीं है। कूटरचित दस्तावेज: सेंटर के फार्म-एफ में डॉ. डीव्ही पाटिल के लिए जो रजिस्ट्रेशन नंबर 23434 दर्शाया गया है, वह जांच में डॉ. शिवानी सिन्हा के नाम पर रजिस्टर्ड पाया गया है। एक ही नंबर पर दो व्यक्तियों का रजिस्ट्रेशन होना असंभव है, जो स्पष्ट रूप से जानबूझकर की गई धोखाधड़ी और कूटरचित दस्तावेज प्रस्तुत करके अनुमति प्राप्त करने को दर्शाता है।

**मुख्य चिकित्सा अधिकारी की निष्क्रियता पर प्रहार :**इस गंभीर अनियमितता की सूचना कलेक्टर, मुख्य सचिव, और स्वास्थ्य आयुक्त को पूर्व में ही दी जा चुकी थी। इसके बावजूद, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. जेएस यादव ने आज दिनांक तक कोई आवश्यक कार्रवाई नहीं की है। उन्होंने मांग की है कि डॉ. पाटिल की कॉल डिटेल्स और लोकेशन की जांच की जाए, जिससे उनकी लंबे समय से सेंटर पर अनुपस्थिति सिद्ध हो सके।

## पिछड़ा वर्ग सम्मेलन आज, रघु ठाकुर होंगे मुख्य अतिथि

**मेहगांव।** लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी, जिला भिंड द्वारा आज 16 नवंबर, रविवार को मेला ग्राउंड स्थित रामनारायण वाटिका के पास पुन: स्मृति दिवस का आयोजन किया जा रहा है। इस सम्मेलन में पिछड़ा वर्ग आंदोलन के संघर्षशील साथियों, को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पार्टी के राष्ट्रीय संरक्षक रघु ठाकुर होंगे। उनके साथ पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शंभूदयाल बघेल, दिल्ली से मुकेश चंद्रा, कटनी से बिंदेश्वरी पटेल मौजूद रहेंगे।

# विधानसभा में गूंजेगा प्रदूषण छोड़ रहे कारखानों का मुद्दा

**विधायक बोले क्षेत्र की आबो हवा खराब कर रही फैक्ट्रियां**



**नवभारत न्यूज**
**मालनपुर,15नवम्बर।** औद्योगिक क्षेत्र मालनपुर में संचालित कुछ कारखाने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के नियमों को ठेंगा दिखाकर जमकर प्रदूषण छोड़ रहे हैं, लेकिन अब ऐसे कारखानों की खैर नहीं है क्योंकि यह मामला विधानसभा में गूंजेगा, क्षेत्र वासियों के माध्यम से गोहद विधायक केशव देसाई के पास प्रदूषण छोड़ रहे कारखाना की शिकायतें पहुंच रही थी, विधायक श्री देसाई ने क्षेत्र वासियों से कहा कि यह मामला विधानसभा में उठाऊंगा उन्होंने बताया कि प्रदूषण के कारण मालनपुर क्षेत्र की आबो हवा खराब हो चुकी है चारों तरफ फैल रहे प्रदूषण से लोग अस्त-व्यस्त हो चुके हैं, लोग बीमार हो रहे हैं तो वहीं पशु पक्षी भी प्रदूषण का शिकार हो कर मार रहे हैं, जिम्मेदार महकमा कार्रवाई करने में नाकाम साबित हो रहा है, विधायक देसाई ने मामले को विधानसभा में उठाने की बात कही है। क्षेत्र वासियों के अनुसार मोंडलेज कैडबरी सन ब्रिज बजाज मास्टर वेज, पेरसिलक आदि कारखाने प्रदूषण छोड़कर क्षेत्र को गंदा कर रहे हैं

# ट्रस्ट निर्माण की फाइल महीनों से दबाए बैठे हैं तहसीलदार

**तहसीलदार के विरुद्ध पैसे मांगने तथा काम अटकाने की गंभीर शिकायतें कलेक्टर से की**

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 15 नवम्बर।** भिण्ड तहसील के प्रभारी तहसीलदार मोहनलाल शर्मा द्वारा ट्रस्ट निर्माण की फाइल दबाकर काम अटकाने, रुपए मांगने तथा गाली गलौज कर अपमानित करने एवं प्रकरणों में जानकारी न देने की शिकायत राधेश्याम शर्मा ने कलेक्टर को पत्र सौंपकर की है।

सेवानिवृत्त प्रधान आरक्षक राधेश्याम शर्मा निवासी चौधरी थोक अकोड़ा ने कलेक्टर को दिए आवेदन में बताया है कि तहसील न्यायालय ग्रामीण भिण्ड में मेरा प्रकरण चल रहा है। जब मैंने प्रभारी तहसीदार मोहनलाल शर्मा से उक्त प्रकरणों की समक्ष में जानकारी एवं आगामी पेशी जानना चाही, तो वे भड़क गए और गाली गलौज करते हुए बोले कि न्यायालय में बार-बार आ जाता है, तू इसमें है कौन, भाग यहां से और फाईल को फेंक दिया और धमकी दी कि तुझे जेल भिजवा दूंगा एवं कई अपमान जनक शब्द कह कर अपनी कुर्सी से खड़े होकर मुझे भला बुरा कहने लगे एवं मारापीटी करने पर उतारू हो गए। उस समय मेरे गांव के मुन्ना सिंह एवं अन्य लोग भी मौजूद थे। जिनके सामने मुझे बेइजत्त किया। मैं गांव का संभ्रांत व्यक्ति हूं और मेरे प्रकरणों में कोई जानकारी नहीं दी।

इससे पूर्व मैं भी इनके समक्ष इनकी पद स्थापना के दौरान कई बार जानकारी लेने गया, मेरे प्रकरणों में प्रभारी तहसीलदार मोहनलाल द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई है, मेरे प्रकरणों में न्याय देने में विलंब किया जा रहा है एवं दूसरी पार्टी के फसल लेने का दूसरा मौका दिया जा रहा है, लगातार दूसरी पार्टी को फायदा दिया जा रहा है। यह अपने पद पर रहने से मेरे आवेदन की जांच पर प्रभाव डालेगा। तहसीलदार ने मुझे धौंस दी कि तुम्हारे सारे प्रकरण में निरस्त कर दूंगा एवं इनके द्वारा उक्त प्रकरणों में करीब 6 माह से कोई भी कार्रवाई अपने पद स्थापना के दौरान नहीं की गई। एवं जिन लोगों ने घटना देखी उन लोगों पर भी दबाव डाल रहे हैं। प्रार्थी ने कलेक्टर से मांग की है कि मेरे आवेदन की किसी वरिष्ठ अधिकारी निष्पक्ष जांच करवाई जाकर प्रभारी तेहसीलदार मोहनलाल शर्मा के विरूद्ध कार्रवाई की जाए।